# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची
# JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI

**स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा नेतरहाट विद्यालय एवं इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय के तर्ज पर दक्षिणी छोटानागपुर, संथाल परगना एवं कोल्हान प्रमण्डल में संचालित आवासीय विद्यालय तथा इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय, हजारीबाग के सत्र 2020-21 में कक्षा-6 में नामांकन हेतु प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण सूचना**

**विज्ञप्ति संख्या - 42/2020**

एतद् द्वारा विज्ञप्ति संख्या–17/2020 के क्रम में नेतरहाट आवासीय विद्यालय एवं इंदिरा गाँधी बालिका विद्यालय के तर्ज पर बालिकाओं के लिए दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल के राँची में आवासीय बालिका विद्यालय एवं बालकों के लिए संथाल परगना प्रमण्डल में दुमका तथा कोल्हान प्रमण्डल के चाईबासा में आवासीय बालक विद्यालय में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन समर्पित करने वाले अभ्यर्थियों, उनके अभिभावकों तथा संबंधित पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा कोरोना वायरस के प्रसार के कारण स्थगित कर दी गई थी। प्रवेश परीक्षा की तिथि निम्नवत् रूप से पुनर्निधारित की जाती है:–

**परीक्षा कार्यक्रम**

| क्रम सं. | परीक्षा की तिथि, समय एवं पाली | परीक्षा के विषय | अंक | विषय के अन्तर्गत समाहित विषय | अंक विभाजन | समूह |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 08.11.2020<br>प्रथम पाली<br>(10:00 से 12:30 बजे तक) | गणित | 50 | | | A |
| 02. | | सामाजिक अध्ययन, सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान | 50 | सामाजिक अध्ययन (इतिहास, नागरिक शास्त्र एवं भूगोल) | 20 | |
| | | | | सामान्य ज्ञान | 10 | |
| | | | | सामान्य विज्ञान (भौतिकी, रसायन एवं जीव विज्ञान) | 20 | |
| 03. | 08.11.2020<br>द्वितीय पाली<br>(1:30 से 4:00 बजे तक) | भाषा | 50 | हिन्दी | 50 | B |
| 04. | | मानसिक योग्यता | 50 | | 50 | |

परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र दिनांक 31.10.2020 से परिषद् के वेबसाइट **www.jac.jharkhand.gov.in** से डाउनलोड करेंगे तथा प्रवेश पत्र में अंकित निर्देशों का अनुपालन करते हुए परीक्षा में सम्मिलित होना सुनिश्चित करेंगे।

विज्ञप्ति संख्या– 17/2020 की शेष शर्त्तें यथावत् रहेगी।

**अध्यक्ष के आदेश से,**

**ह./- (महीप कुमार सिंह)**

**सचिव,**

**झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।**

JAC/IGBV/416/20-SECY/377/20,Dt. 21.10.2020
D.O.P: 22.10.2020